लखनऊ-बरौनी लाइन को बड़ी लाइन में बदलना

3693. प्रो० सत्यदेव सिंह : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) लखनऊ-बरौनी मीटर गेज लाइन को बड़ी लाइन में बदलने की दिशा में अब तक कितनी प्रगति हुई है ; और

(ख) लखनऊ-बरौनी रेल लाइन को कब तक बड़ी रेल लाइन में बदल दिया जायेगा ?

रेल मंत्रालय में उपमंत्री (श्री मल्लिकार्जुन) : (क) और (ख) लखनऊ से बाराबंकी पहले ही बड़ी लाइन से जुड़ा है। गोंडा और गोरखपुर के रास्ते बाराबंकी-सोनपुर मी० ला० खंड का आमान परिवर्तन किया जा रहा है और इसके 1981–82 तक पूरा हो जाने की संभावना है। सोनपुर हाजीपुर से बड़ी लाइन द्वारा जुड़ा है। हाजीपुर-बछवारा मी० ला० खंड को ब० ला० में बदलने के लिए सर्वेक्षण का काम 1980-81 के बजट में शामिल है। बछवारा और बरौनी पहले ही ब० ला० से जुड़े हैं। जब बाराबंकी-समस्तीपुर खंड के आमान परिवर्तन का काम पूरा हो जायेगा तो बरौनी-कटिहार आमान परिवर्तन परियोजना के निर्माण कार्य को तेजी से पूरा किया जायेगा।

Introduction of Computerised Reservation

3694. PROF. MADHU DANDAVATE: Will the Minister of RAILWAYS be pleased to state:

(a) whether there is any proposal to introduce computerisation of reservation on an experimental measure in some Zone or Division; and

(b) if so, what concrete steps have been taken in this direction?

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF RAILWAYS (SHRI MALLIKARJUN): (a) and (b). The question of computerisation of reservation on Indian Railways is actively under consideration and once the Macrolevel plan gets finalised, pilot projects, which will fit in with the overall scheme, would be taken up in some zones and|or divisions.

पूर्वी रेलवे में क्योल-साहेबगंज-बरहरवा लूप लाइन पर गाड़ियों का देरी से चलना

3695. श्री हरिकेश बहादुर : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या पूर्वी रेलवे में क्योल-साहेबगंज-बरहरवा लूप लाइन पर गाड़िया औसत से अधिक देरी से चल रही हैं ;

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार ने इन गाड़ियों को समय पर चलाने के सभी प्रयास छोड़ दिये हैं और यदि नहीं, तो 330 डाउन मुजफ्फरपुर-हावड़ा पेसेंजर गाड़ी, 328 डाउन दानापुर-हावड़ा तेज पैसेंजर गाड़ी और 331 अप सियालदह-गया पैसेंजर गाड़ी गत 5–6 महीनों में एक बार भी भागलपुर समय पर किस कारण से नहीं पहुंची ; और

(ग) क्या सरकार यह सुनिश्चित करेगी कि बिना और आगे विलम्ब के इस अनियमितता को दूर किया जाये ?

रेल मंत्रालय में उपमंत्री (श्री मल्लिकार्जुन): (क) से (ग). क्योल-साहेबगंज-बरहरवा (लूप लाइन) खंड पर चलने वाली गाड़ियों का समय पालन पिछले छ महीनों के दौरान संतोषजनक नही रहा है। इस असंतोषजनक स्थिति का मुख्य कारण यह है कि 331 अप हावड़ा-गया पार्सल गाड़ी और 328 डाउन दानापुर तेज सवारी गाड़ी साहिबगंज लूप लाइन पर चलती है और इन दोनों को काफी दूर तक इकहरी लाइन वाले खंडों पर चलना पड़ता है। 331 अप और 330 डाउन गाड़ियां पार्सल यातायात भी ले जाती हैं और इसलिए अन्य कारणों के अतिरिक्त स्टेशनों पर पार्सल लादने-उतारने के लिए भी इन्हें रुकना पड़ता है। इकहरी लाइन वाले इस खंड पर यदि कभी किसी गाड़ी को रोकना पड़ जाता है तो निर्धारित स्थान से भिन्न स्थान पर क्रासिंग की व्यवस्था करने और रास्ते में दूसरी गाड़ियों के आगे निकालने के कारण इतनी गुंजाइश नहीं रहती कि उस कमी को पूरा किया जा सके।

फिर भी, इस खंड पर चलने वाली गाड़ियों के समय पालन में सुधार के लिए सभी प्रयास किये जा रहे हैं और गाड़ियों के रुकने के परिहार्य मामलों में उपयुक्त कार्यवाही की जाती है।

Project Consciousness

3696. DR. KARAN SINGH: Will the Minister of HEALTH be pleased to state:

(a) whether some years ago a project called Project Consciousness was